सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

मिशन शिक्षण संवाद

# हमारा परिवेश

# कक्षा - 3

# संक्षिप्त प्रश्नोत्तरी


संकलनकर्ता

नरेंद्र सिंह कुशवाहा {प्रधानाध्यापक}

प्राथमिक विद्यालय ज्ञानपुर प्रतापसिंह

वि. ख– अजीतमल जनपद – औरैया (उ. प्र.)

# पाठ – 1 हमारा परिवार

**प्रश्न 1 - सीखने की प्रथम पाठशाला कौन होती है?**

उत्तर-परिवार ।।

**प्रश्न 2- मधु के परिवार में कौन-कौन लोग थे?**

उत्तर- दादा-दादी,माता-पिता और उसका भाई

**प्रश्न 3- मधु किसके साथ बाजार गई थी?**

उत्तर- दादा जी।

**प्रश्न 4- दादा जी को किसने दवा खिलाई थी?**

उत्तर- मोनू ने।

**प्रश्न 5- परिवार के साथ मिलकर हमें क्या करना चाहिए?**

उत्तर- सभी जरूरी कार्य।

**प्रश्न 6- गुल्लक के पैसे से मधु और मोनू ने क्या खरीदा?**

उत्तर- मेज।

**प्रश्न 7- मधु के घर मे क्या-क्या काम होता है?**

उत्तर- खेती और कपड़ो पर इस्त्री (प्रेस)का कार्य।

**प्रश्न 8- मधु के परिवार का मुखिया कौन है?**

उत्तर- दादा जी।

**प्रश्न 9- किसके पापा और चाचा शहर में काम करते है?**

उत्तर- शीतल के।

**प्रश्न 10- मधु ने बाजार से अपने लिए क्या खरीदा?**

उत्तर- बॉक्स

**प्रश्न 11- मीनू ने अपने पापा से क्या करना सीख लिया?**

उत्तर- प्रेस करना।

**प्रश्न 12- मधु के परिवार के सभी लोगो की जरूरतों का ध्यान कौन रखता है।?**

उत्तर- दादा जी।

# पाठ - 2 पास-पड़ोस

**प्रश्न 1- पड़ोसी किसे कहते है?**

उत्तर- जिनका घर आस-पास होता है,उन्हें हम पड़ोसी कहते है।।

**प्रश्न 2- इरफान काका की झोपड़ी किस मौसम में गिरी?**

उत्तर- बरसात में।

**प्रश्न 3- इरफान काका के टूटे हुए सामान को छांटकर अलग करने में किसने सहायता की?**

उत्तर- रमन,विवेक और राधिका ने।

**प्रश्न 4- काका की झोपड़ी बनाने में किसने बाँस दिया था?**

उत्तर- तनवीर चाचा।

**प्रश्न 5- इरफान काका की झोपडी बनाने में पुआल किसने दिया?**

उत्तर- सरला दीदी ने।

**प्रश्न 6- किसको देखकर सभी पड़ोसी चिंचित थे?**

उत्तर- इरफान काका को।

**प्रश्न 7- इरफान काका के लिए चादर कौन लेकर आया था?**

उत्तर- राधिका।

**प्रश्न 8- मुसीबत के समय सबसे पहले कौन काम आता है?**

उत्तर- पड़ोसी।

**प्रश्न 9- सभी लोगो के लिए पेड़े और पानी कौन लेकर आया था?**

उत्तर- विवेक के पापा।

**प्रश्न 10- पड़ोसियों की सदैव मदद कौन करता था?**

उत्तर- इरफान काका।

## पाठ-3-परिवेशीय पेड़-पौधे

**प्रश्न 1- पौधे के विभिन्न भागों के नाम लिखो?**

उत्तर- जड़,तना, पत्ती, फूल और फल।

**प्रश्न 2- अलग-अलग पेड़-पौधों की पहचान हम कैसे करते है?**

उत्तर- पत्तियों,फलो, फूलों,लम्बाई और तने की मोटाई के आधार पर।

**प्रश्न 3- हमारे परिवेश की शोभा कौन बढ़ाते है?**

उत्तर- रंग-बिरंगे फूल।

**प्रश्न 4- फूल और फलो की पहचान हम कैसे करते है?**

उत्तर- रंग,गंध और आकार के आधार पर।

**प्रश्न 5- किन्ही तीन बेल या लताओं के नाम लिखो?**

उत्तर- अंगूर,सेम ,करेला।

**प्रश्न 6- पौधों को जीवित रहने के लिए क्या आवश्यक है?**

उत्तर- पानी,धूप और खाद।

**प्रश्न 7- हमें पेड़-पौधों से क्या-क्या प्राप्त होता है**

उत्तर- हवा,लकड़ी,फल ,सब्जियां इत्यादि।

**प्रश्न 8- हमें पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए क्या करना चाहिए?**

उत्तर- अधिक से अधिक बृक्ष लगाना चाहिए।

**प्रश्न 9- किन्ही दो औषधी पौधों के नाम बताओ?**



मिशन शिक्षण संवाद

उत्तर- तुलसी, नीम।

**प्रश्न 10- ऑक्सीजन($O_2$)हमें कहाँ से प्राप्त होती है?**

उत्तर- पेड़-पौधों से।

**प्रश्न 11- भोजन को स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाने के लिए हम किसका प्रयोग करते है?**

उत्तर- मसालों का।

**प्रश्न 12- हमारे आस-पास पाए जाने वाले तीन छायादार वृक्षों के नाम लिखो?**

उत्तर- बरगद,नीम,आम

## पाठ-4 परिवेशीय जीव-जंतु

**प्रश्न 1- हमारे आस-पास रहने वाले जीव-जंतुओं की पहचान हम कैसे करते है**

उत्तर- शरीर की बनावट,रंग,पंख,चोंच और बोली के आधार पर।

**प्रश्न 2- किन्ही दो जलीय जन्तुओ के नाम बताओ?**

उत्तर- मछली,मगरमच्छ।

**प्रश्न 3- जमीन पर रेंगने वाले तीन जीवो के नाम लिखिए?**

उत्तर- सांप,घोंघा, केंचुआ।

**प्रश्न 4- कूद-कूदकर चलने वाले दो जानवरों के नाम लिखो?**

उत्तर- खरगोश,कंगारू।

**प्रश्न 5- जल और थल दोनों पर रहने वाले दो जन्तुओं के नाम लिखो?**

उत्तर- मेढ़क,कछुआ।

**प्रश्न 6- ऐसे तीन पक्षियों के नाम बताओ जिनमें एक से अधिक रंग होते है?**

उत्तर- गौरैया,मोर,और मुर्गा।

**प्रश्न 7- चार पालतू जानवरों के नाम लिखो?**

उत्तर- भैस, गाय, बकरी,भेड़।।

**प्रश्न 8- दो जानवरों के नाम बताओ जिनसे हमें ऊन प्राप्त होती है?**

उत्तर- भेड़, बकरी।

**प्रश्न 9- ऐसे दो जन्तुओ के नाम बताओ जो फल,अनाज के दाने बीज और घास इत्यादि खाते हो?**

उत्तर- खरगोश और गिलहरी।

**प्रश्न 10- वह पशु-पक्षी जो परिवार के सदस्यों की तरह हमारे साथ रहते है,क्या कहलाते है?**

उत्तर- पालतू पशु-पक्षी।

## पाठ-5 हमारा भोजन

**प्रश्न 1- भोज्य पदार्थ किसे कहते है?**

उत्तर- जो हम खाते-पीते है,भोज्य पदार्थ कहलाते है।।

**प्रश्न 2- भोज्य पदार्थ हमारे शरीर में कितने रूपो में पोषण होता है?**

उत्तर- तीन रूपो में।।।

**प्रश्न 3- शरीर में ऊर्जा प्रदान करने वाले चार भोज्य पदार्थों के नाम बताइए?**

उत्तर- दूध,चावल,रोटी,गुड़ इत्यादि।

**प्रश्न 4- ऐसे चार भोज्य पदार्थों के नाम लिखो जो शरीर की बृद्धि में सहायक हो?**

उत्तर- दूध,दालें, अंडा,मास

**प्रश्न 5- रोगों से बचाव करने वाले तीन भोज्य पदार्थों ने नाम लिखो?**

उत्तर- दूध,फल,हरे पत्तेदार सब्जियां इत्यादि।।

**प्रश्न 6- दूध क्या है?**

उत्तर- सम्पूर्ण आहार।

**प्रश्न 7- ऐसे तीन भोज्य पदार्थों के नाम बताइए,जो कच्चे खाएं जाते हो?**

उत्तर- गाजर,,चुकंदर,फल,प्याज इत्यादि।।।

**प्रश्न 8- हमें स्वाद का पता किससे चलता है?**

उत्तर- जीभ से।

**प्रश्न 9- भोजन को काटने व चबाने के लिए किसकी आवश्यकता होती है?**

उत्तर- दांतो की।

**प्रश्न 10- भोजन करने से पूर्व और बाद में हाथों को हमें किससे धोना चाहिए?**

उत्तर- साबुन व पानी से।

## पाठ-6 पशु -पक्षियों का भोजन एवं सहायक अंग

**प्रश्न 1- पक्षियों के पंजे व चोंच भोजन करने में किस प्रकार सहायक हैं?**

उत्तर- पंजे से भोजन पकड़कर चोंच से खाते है।

**प्रश्न 2- किसके बच्चों को भूख लगी थी?**

उत्तर- गौरैया के बच्चों को।

**प्रश्न 3- लड़की ने गौंरैया को क्या दिया था?**

उत्तर- रोटी का टुकड़ा।

**प्रश्न 4- रोटी का टुकड़ा घोंसले तक ले जाने में गौरैया की किसने मदद की?**

उत्तर- कबूतर ने।

**प्रश्न 5- तुम्हारे आस-पास पाये जाने वाले चार पक्षियों के नाम बताओ?**

उत्तर- गौरैया,कौआ,कबूतर,बगुला।

**प्रश्न 6- ऐसे दो पक्षियों के नाम बताओ ,जिनकी चोंच छोटी व आगे की ओर मुड़ी रहती है?**

उत्तर- बाज और चील।

**प्रश्न 7- किस जंतु के दांत हमेशा बढ़ते और घिसते रहते है?**

उत्तर- गिलहरी।

**प्रश्न 8- किस प्रकार के जानवरों के आगे के दाँत नुकीले होते है?**



मिशन शिक्षण संवाद

उत्तर- माँसाहारी।।।

**प्रश्न 9- तीन शाकाहारी जन्तुओ के नाम लिखो?**

उत्तर- गाय, भैंस,बकरी।।

**प्रश्न 10- शाकाहारी जन्तुओ के दांतों की बनावट कैसी होती है?**

उत्तर- आगे के दाँत छोटे व पीछे के चपटे और बड़े होते है।

## पाठ-7 हमारा घर

**प्रश्न 1- जहां हम अपने परिवार के साथ रहते है,क्या कहलाता है?**

उत्तर- घर।

**प्रश्न 2- बहुत साल पहले जब मनुष्यों के पास घर नहीं थे,कहां रहते थे?**

उत्तर- घने पेड़ो की छाया या गुफाओं में।

**प्रश्न 3- जया और जगत किसके साथ बाजार घूमने निकले?**

उत्तर- दादी के साथ।

**प्रश्न 4- वह कौन सा स्थान है,जहाँ से चिट्ठियां आती-जाती है?**

उत्तर- डाकखाना।

**प्रश्न 5- वह स्थान बताइये जहां लोगो का इलाज होता है?**

उत्तर- अस्पताल।

**प्रश्न 6- गर्मी,सर्दी,वर्षा, आंधी -तूफान और हिंसक जानवरों से हमें कौन बचाता है?**

उत्तर- हमारा घर।

**प्रश्न 7- जिस घर को बनाने में सीमेंट,सरिया,बालू,ईंट का प्रयोग हुआ हो ऐसे घर को हम क्या कहते है?**

उत्तर- पक्का घर।

**प्रश्न 8- तम्बू एक प्रकार का क्या है?**

उत्तर- घर।

**प्रश्न 9- जिस घर की छत को बनाने में खपरैल, कँटीली झाड़ियों, बांस-बल्ली आदि का उपयोग किया गया हो ऐसे घर को हम क्या कहते है?**

उत्तर- कच्चा घर।

## पाठ-8 पशु-पक्षियों का आवास

**प्रश्न 1- प्रकृति द्वारा बने वास स्थलों में रहने वाले तीन जन्तुओ के नाम लिखो?**

उत्तर- बन्दर, मछली, शेर।

**प्रश्न 2- दो जानवरों के नाम बताओ ,जो जमीन के अंदर बिल बनाकर रहते है?**

उत्तर- चूहा,खरगोश

**प्रश्न 3- छत्ते का निर्माण कर समूह में कौन रहता है?**

उत्तर- मधुमक्खियां।



मिशन शिक्षण संवाद

**प्रश्न 4- दूसरों के द्वारा बनाये गए बिल में कौन रहता है?**

उत्तर- सांप।

**प्रश्न 5- पक्षी घास-फूंस,सूखे पत्ते,ऊँन,टहनी,रुई,आदि का इस्तेमाल किसको बनाने में करते हैं?**

उत्तर- घोंसला बनाने में।

**प्रश्न 6- हमारे मर्जी से घर में रहने वाले चार पशु-पक्षियों के नाम लिखो?**

उत्तर- गाय, भैंस,तोता,मुर्गा।

**प्रश्न 7- हमारे मर्जी के बगैर घर मे रहने वाले तीन जन्तुओ के नाम लिखो?**

उत्तर- चूहा,छिपकली,मक्खी।

**प्रश्न 8- पक्षी घोंसला क्यों बनाते है?**

उत्तर- अंडे देने के लिए।

**प्रश्न 9- पेड़ की ऊंची डालों पर घोंसला बनाने वाले तीन पक्षियों के नाम लिखो?**

उत्तर- बाज, गिद्ध,कौआ,बगुला।

## पाठ-9 पानी अनमोल है।

**प्रश्न 1- सभी जीव जंतुओं का जीवन किसके बिना सम्भव नहीं है?**

उत्तर- पानी के बिना।

**प्रश्न 2- पानी का उपयोग हम किन-किन कार्यो में करते हैं?**

उत्तर- दैनिक कार्यो में।

**प्रश्न 3- हम पानी को किस प्रकार से बचा सकते है?**

उत्तर- आवश्यकतानुसार उपयोग करके।

**प्रश्न 4- तालाब का पानी सबसे अधिक किस मौसम में कम हो जाता है?**

उत्तर- गर्मी के मौसम में।

**प्रश्न 5- ऐसे दो खेल कौन से हैं,जो पानी में खेले जाते हैं?**

उत्तर- तैराकी,नौका दौड़।।

**प्रश्न 6- गाँव में पाये जाने वाले तीन पानी के स्रोत कौन है, उनके नाम लिखो?**

उत्तर- तालाब,हैण्डपम्प ,कुआँ।

**प्रश्न 7- पेड़-पौधों का विकास व लगातार किसकी कमी होने पर सूख जाते है?**

उत्तर- पानी की कमी।

**प्रश्न 8- तुम्हारे स्कूल में पानी की समस्या सबसे अधिक किस मौसम में होती है?**

उत्तर- गर्मी के मौसम में।

**प्रश्न 9- ऐसे जीव का नाम बताओ जो पानी से बाहर निकालने पर जीवित नहीं रहता?**

उत्तर- मछली

## पाठ-10 स्वच्छ रहें,स्वस्थ रहें

**प्रश्न 1- शरीर के विभिन्न अंगों के नाम बताओ?**

उत्तर- आंख,नाक,कान,दांत,जीभ,हाथ पैर व पेट इत्यादि।

**प्रश्न 2- शरीर के सभी अंग स्वस्थ और स्वच्छ रहें इसके लिए हमें क्या करना चाहिए?**

उत्तर- अंगों की नियमित साफ-सफाई और ठीक से देखभाल।

**प्रश्न 3- स्वाद का पता हमें किसके द्वारा चलता है?**

उत्तर- जीभ द्वारा।

**प्रश्न 4- गन्ध का अनुभव हम किस अंग द्वारा करते है?**

उत्तर- नाक द्वारा।

**प्रश्न 5- दांत हमारे खराब न हो,इसके लिए हमें क्या करना चाहिए?**

उत्तर- नियमित सुबह-शाम सफाई।

**प्रश्न 6- किसी वस्तु का अनुभव हम किस अंग द्वारा करते है?**

उत्तर- त्वचा द्वारा।

**प्रश्न 7- शौच-क्रिया के लिए हमें किसका प्रयोग करना चाहिए?**

उत्तर- शौचालय का।

**प्रश्न 8- कूड़े-कचरे को हमें कहां डालना चाहिए?**

उत्तर- कूड़ेदान में।

**प्रश्न 9- हमें अपने परिवेश को स्वच्छ-साफ रखने के लिए क्या करना चाहिए?**

उत्तर- नियमित साफ-सफाई।

**प्रश्न 10- दैनिक कार्यो के लिए हमें पॉलीथिन के स्थान पर किसका प्रयोग करना चाहिए?**

उत्तर- जूट या कपड़े के बने थैलों का।

## पाठ-11 हमारी सुरक्षा

**प्रश्न 1- सड़क पर चलते समय हमें किन नियमो का पालन करना चाहिए?**

उत्तर- यातायात के नियमों का।

**प्रश्न 2- सुरक्षा की दृष्टि से चलते वाहन की खिड़कियों से हमें क्या नहीं निकालना चाहिए?**

उत्तर- शरीर के अंगों को।

**प्रश्न 3- नुकीली और धारदार वस्तुओं से हमें दूर क्यों रहना चाहिए।?**

उत्तर- सुरक्षा की दृष्टि से।

**प्रश्न 4- खेल खेलते समय हमें पालन करना चाहिए?**

उत्तर- खेल नियमों का।

**प्रश्न 5- अपरिचित व्यक्ति द्वारा दिया हुआ खाना व उसके साथ हमें कहीं जाना क्यों नहीं चाहिए?**

उत्तर- वो हमें हानि पहुंचा सकता है।

**प्रश्न 6- यातायात के नियमों का हमें पालन क्यों करना चाहिए?**

उत्तर- दुर्घटना से बचने के लिए।

संकलनकर्ता - नरेंद्र सिंह कुशवाहा प्र.अ. प्रा.वि. ज्ञानपुर प्रतापसिंह
वि.ख. – अजीतमल जनपद – औरैया

मिशन शिक्षण संवाद

**प्रश्न 7- सुरक्षा की दृष्टि से हमें बिजली के तार व उपकरणों का प्रयोग कैसे करना चाहिए?**

उत्तर- सावधानी पूर्वक।

**प्रश्न 8- सीढ़ी चढ़ते एवं उतरते समय क्या ध्यान रखना चाहिए?**

उत्तर- दौड़ते हुए नहीं उतरना चाहिए।

**प्रश्न 9- वस्तुओं को सही जगह पर नहीं रखने से क्या हो सकता है?**

उत्तर- गिरकर चोट लग सकती है।

**प्रश्न 10- हमें बहुत अधिक गर्म खाना क्यों नहीं खाना चाहिए?**

उत्तर- जीभ जलने के कारण।

## पाठ-12 यातायात के साधन

**प्रश्न 1- हम जिन वाहनो का प्रयोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए करते है,क्या कहलाते हैं?**

उत्तर- यातायात के साधन।

**प्रश्न 2- सड़क पर चलने वाले किन्ही तीन यातायात के साधनों के नाम बताइये?**

उत्तर- बस, कार, स्कूटी।

**प्रश्न 3- जल पर चलने वाले किन्ही दो यातायात के साधनों के नाम बताइये?**

उत्तर- पानी का जहाज,वोटर नाव।

**प्रश्न 4- वायु में उड़ने वाले किन्ही दो यातायात के साधनों के नाम बताइये?**

उत्तर- हवाई जहाज, हेलीकॉप्टर।

**प्रश्न 5- लोहे की पटरी पर चलने वाली गाड़ी का नाम बताओ?**

उत्तर- रेलगाड़ी।

**प्रश्न 6- बिना इंजन के चलने वाले तीन वाहनों के नाम बताइये?**

उत्तर- साइकिल,घोड़ा-गाड़ी,रिक्शा।

**प्रश्न 7- तुम्हारे गाँव में कौन से वाहन है,नाम लिखो?**

उत्तर- ट्रैक्टर, स्कूटर,साइकिल,बैलगाड़ी मोटरसाइकिल।

## पाठ-13 यातायात के नियम

**प्रश्न 1- गोहरी गाँव के बच्चे अपने शिक्षकों के साथ कहाँ घूमने गये थे?**

उत्तर- शहर।

**प्रश्न 2- सड़क पर चलने के लिए यातायात का मूलमंत्र क्या है?**

उत्तर- रुको,देखो,सुनो और सोचो।

**प्रश्न 3- सड़क या चौराहे पर लाल बत्ती किसका संकेत होता है?**

उत्तर- वाहन के रुकने का।

**प्रश्न 4- पीली बत्ती का संकेत किसका सूचक है?**

उत्तर- चलने के लिए तैयार होना।

**प्रश्न 5- हरी बत्ती किसका संकेत देती है?**

उत्तर- आगे बढ़ने का।

**प्रश्न 6- पैदल चलते समय हमें सड़क के किस भाग का प्रयोग करना चाहिए?**

उत्तर- फुटपाथ का।

**प्रश्न 7- सड़क पार करते समय हमें क्या करना चाहिए?**

उत्तर- पहले दाएं और फिर बाएं ओर देखना चाहिए।

**प्रश्न 8- सड़क पर बनी सफेद और काली धारी वाली पट्टी को हम क्या कहते है?**

उत्तर- जेब्रा क्रोसिंग।

**प्रश्न 9- चौराहे पर जेब्रा क्रोसिंग क्यों बनाई जाती है?**

उत्तर- सुरक्षित सड़क पार करने के लिए।

**प्रश्न 10- स्कूटर या मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट क्यों लगाना चाहिए?**

उत्तर- सुरक्षा के लिए।

**प्रश्न 11- सड़क पर हमें सदैव किस ओर चलना चाहिए?**

उत्तर- वायीं ओर।

**प्रश्न 12- यातायात का क्या अर्थ है?**

उत्तर- आना और जाना।

## पाठ-14 संचार के साधन

**प्रश्न 1- एक स्थान से दूसरे स्थान तक सन्देश या सूचना को पहुंचाने में अपनाया गया माध्यम क्या कहलाता है?**

उत्तर- संचार का माध्यम।

**प्रश्न 2- जनसंचार के किन्ही चार माध्यमो के नाम बताइये?**

उत्तर- टेलीफोन, समाचार पत्र,रेडियो,इंटरनेट।

**प्रश्न 3- सभी बच्चे किसके घर मैच देखने गए थे?**

उत्तर- चेतन के घर।

**प्रश्न 4- सभी बच्चे किसका फाइनल मैच देख रहे थे?**

उत्तर- कबड्डी का।

**प्रश्न 5- बहुत समय पहले सन्देश वाहक के रूप में किसका उपयोग होता था?**

उत्तर- कबूतर।

**प्रश्न 6- चिट्ठियों को वितरित करने का कार्य कौन करता है?**

उत्तर- डाकिया।

**प्रश्न 7- किसके द्वारा हम एक बार में बहुत लोगों को सन्देश पहुंचा सकते है?**

उत्तर- ई- मेल द्वारा।



मिशन शिक्षण संवाद

**प्रश्न 8- टेलीविजन को बहुत पास से देखने पर हमें क्या हानि हो सकती है?**

उत्तर- आंखे खराब ।

**प्रश्न 9- संचार के साधनों के लाभ लिखो?**

उत्तर- हम घर वैठे ही दूर-दूर के लोगों से जुड़ते है,इससे हमें कई प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियां मिलती है।

**प्रश्न 10- संचार के साधन किसे कहते है?**

उत्तर- एक स्थान से दूसरे स्थान तक सन्देश या सूचना को पहुंचाने के माध्यम को संचार के साधन कहते है।

## पाठ-15 कूकी कोयल कुल्हण ला

**प्रश्न 1- गुनगुन किसका नाम था?**

उत्तर- गौरैया का।

**प्रश्न 2- कूकी किसका नाम था?**

उत्तर- कोयल का।

**प्रश्न 3- कूकी उड़कर किसके पास पहुची थी?**

उत्तर- नदी के पास।

**प्रश्न 4- कूकी को कुल्हड़ की जरूरत क्यो पड़ी?**

उत्तर- नदी से पानी भरने के लिए।

**प्रश्न 5- कुल्हड़ बनाने के लिए कुम्हार ने कूकी से क्या लाने के लिए कहा?**

उत्तर- मिट्टी ।

**प्रश्न 6- गुनगुन ने किन बर्तनों में कूकी को खाना खिलाया?**

उत्तर- मिट्टी के बर्तनों में।

**प्रश्न 7- क्या तुम्हारे घर में मिट्टी के बर्तन व वस्तुएं है? उनके नाम बताओ।**

उत्तर- मटकी, घाघरी, खप्पर,दिया,गुल्लक, चूल्हा इत्यादि।।